डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031(इण्डिया)
ई-मेल:- coe@aktu.ac.in, coeoffice@aktu.ac.in

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2022/6118   दिनांकः 17 अगस्त, 2022

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य / समस्त छात्र / छात्राएं
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध संस्थायें।

विषयः शैक्षिक सत्र 2021–22 के सम सेमेस्टर के रेगुलर एवं कैरी ओवर के समस्त (स्नातक / परास्नातक) पाठ्यक्रमों की द्वितीय चरण की आयोजित परीक्षाओं में कतिपय विषयों की दिनांक 19.08.2022 को सम्पन्न होने वाली परीक्षा को स्थगित करते हुए दिनांक 23.08.2022 को आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या ए0के0टी0यू0 / प0नि0का0 / 2022 / 6029 दिनांक 18 जुलाई, 2022 के सन्दर्भ में अवगत कराना है शैक्षिक सत्र 2021–22 के सम सेमेस्टर के रेगुलर तथा कैरी ओवर की द्वितीय चरण के समस्त पाठ्यक्रमों (स्नातक / परास्नातक) के प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर तथा बी0टेक0 / बी0फार्म के द्वितीय वर्ष के चतुर्थ सेमेस्टर में अध्ययनरत छात्र / छात्राओं की लिखित परीक्षायें दिनांक 29 जुलाई, 2022 से प्रदेश में स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित कराई जा रही है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में सूचित कराना है कि उत्तर प्रदेश सामान्य प्रशासन अनुभाग, लखनऊ के पत्र संख्या 409 / तीन–2022–39(2) / 2016 दिनांक 17 अगस्त, 2022 (छायाप्रति संलग्न) के माध्यम से हिन्दू पंचांग के अनुसार जन्माष्टमी का त्योहार दिनांक 18 अगस्त, 2022 के स्थान पर **दिनांक 19 अगस्त, 2022 (शुक्रवार)** को मनाये जाने हेतु सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है के दृष्टिगत विश्वविद्यालय की **दिनांक 19.08.2022 को आयोजित होने वाली कतिपय विषयों की परीक्षा को सक्षम स्तर से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में स्थगित किया जाता है तथा उक्त निर्धारित तिथि को आयोजित होने वाली परीक्षा को दिनांक 23 अगस्त, 2022 (मंगलवार) को यथासमय सम्पन्न कराया जायेगा।**

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तद्नुसार अवगत होते हुए अपने संस्थान के अध्ययनरत छात्र / छात्राओं को सूचित कर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय

संलग्नकः **यथोक्त।**

(राकेश पैजवार)
संयुक्त परीक्षा नियंत्रक

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक / परास्नातक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. परीक्षा नियंत्रक / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी, ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की सम्बन्धित छात्र / छात्रों को एस0एम0एस0, ई-मेल अथवा अन्य तकनीकी माध्यम से सूचित कराना चाहें।
5. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
6. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(राकेश पैजवार)
संयुक्त परीक्षा नियंत्रक

उत्तर प्रदेश शासन

सामान्य प्रशासन अनुभाग

संख्या–499/तीन–2022–39(2)/2016

लखनऊः दिनाँक : 17 अगस्त, 2022

विज्ञप्ति

सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की विज्ञप्ति संख्या–514/तीन–2021–39(2)–2016 दिनाँक 20 अक्टूबर, 2021 द्वारा वर्ष 2022 हेतु घोषित अवकाशों में दिनाँक 18 अगस्त, 2022 (गुरूवार) को जन्माष्टमी को निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेन्ट एक्ट, 1881 के अधीन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

2– हिन्दू पंचांग के अनुसार जन्माष्टमी का त्योहार दिनांक 19 अगस्त, 2022 को मनाये जाने की सूचना प्राप्त हुई है। ऐसी स्थिति में जन्माष्टमी का त्योहार दिनाँक 18 अगस्त, 2022 (गुरूवार) के स्थान पर दिनांक 19 अगस्त, 2022 (शुक्रवार) को मनाये जाने का निर्णय लिया गया है।

3– उक्त लिये गये निर्णय के आलोक में जन्माष्टमी के त्योहार हेतु दिनाँक 18 अगस्त, 2022 के स्थान पर दिनांक 19 अगस्त, 2022 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। तद्नुसार विज्ञप्ति दिनाँक 20 अक्टूबर, 2021 यथासंशोधित समझी जाए।

(जितेन्द्र कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या–: (1)/तीन–2022–39(2)/2016, तद्दिनाँक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन।
2– अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उ0प्र0।
3– अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
4– मुख्य स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
5– रजिस्ट्रार जनरल, मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद/लखनऊ को सूचनार्थ एवं ऐसी कार्यवाही हेतु प्रेषित जिसे मा0 उच्च न्यायालय आवश्यक समझे ।
6– महालेखाकार, उ0प्र0 प्रयागराज।
7– समस्त विभागाध्यक्ष/मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उ0प्र0।
8– प्रमुख सचिव, विधान परिषद्/विधान सभा, उ0प्र0।
9– सचिव, भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्यो का विभाग, नई दिल्ली।
10– सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
11– प्रबन्धक एवं संयोजक राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति–बैंक आफ बड़ौदा, आंचलिक कार्यालय, 45, भारतीय जीवन बीमा निगम बिल्डिंग, हजरतगंज, लखनऊ।
12– क्षेत्रीय निदेशक, उ0प्र0 एवं उत्तराखण्ड, भारतीय रिजर्व बैंक, कानपुर–208001 ।
13– निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग को इस विज्ञप्ति का आवश्यक प्रसार एवं प्रचार कराने हेतु।